हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, शनिवार 28 मार्च 2026

11 कोर्ट स्टे के बावजूद विवादित जमीन पर पार्क टेंडर, नपा की लापरवाही उजागर

12 गैस और तेल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, लोग धैर्य रखें

खबर संक्षेप

बाघला सर्वसम्मति से बने केशव गोशाला के अध्यक्ष

रतिया। लाली रोड पर स्थित केशव गोशाला के प्रांगण में गौसेवकों की बैठक हुई। इस बैठक में विद्या सागर बाघला को सर्वसम्मति से गोशाला का अध्यक्ष चुना गया। वे इस गोशाला के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं।अपनी नियुक्ति पर बाघला ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है वे सभी गौभक्तों के सहयोग से उस पर खरा उतरने का यथासंभव प्रयास करेंगे। इससे पूर्व निवर्तमान प्रधान श्याम मेहता ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर सबको धन्यवाद किया। बाघला ने आगे बताया कि उनका संकल्प है कि गौसंवर्धन व नस्लसुधार के माध्यम से ऐसी दुधारू गौमाताएं व नंदी तैयार करें कि वो अपने आप में उदाहरण हों।

मिस्टर फतेहाबाद ओपन कैटेगरी प्रतियोगिता हुई

फतेहाबाद। डीपीआरसी हॉल में आयोजित मिस्टर फतेहाबाद 2026 (ओपन कैटेगरी) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा अपनी टीम के साथ शिरकत करने पहुंचे। यहां पहुंचने पर आयोजकों ने फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर जिला परिषद चेयरमैन प्रतिनिधि सुभाष खीचड़, कंवल चौधरी, पुनीत बंसल व सुभाष आर्य भी विशेष रूप से साथ रहे। इस अवसर पर प्रवीण जोड़ा ने अवसर पर बॉडीबिल्डर्स की अद्भुत प्रतिभा, मेहनत और फिटनेस का शानदार प्रस्तुतियां देखकर कार्यक्रम की भूरि भूरि सराहना की।

संजय गर्ग बने भाईचारा मुनीम सोसाइटी के अध्यक्ष

रतिया। अनाज मंडी में भाईचारा मुनीम सोसाइटी की बैठक शिव मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष विनीत भाटिया ने की। बैठक में मंडी के मुनीमों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। इस बैठक के दौरान पूर्व अध्यक्ष विनीत भाटिया द्वारा अपना कार्यकाल पूर्ण होने पर इस्तीफा दिए जाने के बाद नए अध्यक्ष के चयन को लेकर मंडी के सीनियर मुनीमों ने नरोतम उर्फ संजय गर्ग का नाम प्रस्तावित किया, जिसे सभी उपस्थित सदस्यों ने एकमत से स्वीकार करते हुए संजय गर्ग को आगामी दो वर्षों के लिए भाईचारा मुनीम सोसाइटी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

कालांवाली के टैक्सी स्टैंड पर अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

कालांवाली। शहर के दशमेश टैक्सी स्टैंड पर शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के शुक्रवार सुबह जब टैक्सी स्टैंड के पास लोग पहुंचे तो लोगों की नजर बैंच पर सो रहे एक व्यक्ति पर पड़ी, जो काफी देर से उसमें कोई हलचल नहीं हुई तो लोगों ने पास जाकर देखा तो पर पता चला कि व्यक्ति की मौत हो चुकी है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई।

मार्च में बार-बार बदल रहा मौसम का मिजाज, अब दिन का तापमान सामान्य से 3 डिग्री ज्यादा, कल तक बूंदाबांदी के आसार

वैज्ञानिकों के अनुसार एक के बाद एक सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम करवट ले रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

मार्च के महीने में जिले में मौसम का मिजाज लगातार बदलता नजर आ रहा है। दिन में तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण तापमान सामान्य से ऊपर पहुंच रहा है, वहीं रात का तापमान सामान्य से थोड़ा नीचे बना हुआ है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार एक के बाद एक सक्रिय हो रहे पश्चिमी विक्षोभ के कारण प्रदेश में मौसम बार-बार करवट ले रहा है। शुक्रवार को फतेहाबाद का अधिकतम तापमान सामान्य से करीब 3 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि न्यूनतम तापमान भी सामान्य से एक डिग्री ज्यादा यानी 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। दिन में तेज धूप और हवाओं के कारण गर्मी का असर महसूस किया गया, जबकि रात में हल्की ठंडक बनी रही।

गेहूं की फसल पककर लगभग तैयार और कटाई में अब कुछ ही दिन बाकी

किसानों को हो सकता है नुकसान

वीरवार रात व शुक्रवार सुबह आसमान में बादल छाने से किसानों की चिंता बढ़ गई। दरअसल, गेहूं की फसल पककर लगभग तैयार है और कटाई में अब कुछ ही दिन बाकी हैं। ऐसे में अगर बारिश या ओलावृष्टि होती है तो किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार इन दिनों हवाओं के पैटर्न में भी बदलाव देखने को मिल रहा है। दक्षिण-पश्चिम दिशा से आने वाली शुष्क और आद्र्र हवाओं के साथ आसमान साफ होने के कारण सूरज की तेज किरणें सीधे जमीन तक पहुंच रही हैं। इसी वजह से दिन का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। फतेहाबाद और आसपास के क्षेत्रों की रेतीली भूमि भी जल्दी गर्म और जल्दी ठंडी हो जाती है, जिससे तापमान में उतार-चढ़ाव अधिक देखने को मिलता है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च के इस आखिरी पखवाड़े में मौसम का उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है।

फतेहाबाद। पकी हुई गेहूं पर मंडरा रहे बादल, यह तस्वीर दोपहर 2 बजे की है।

बादल छाए रहेंगे

प्रदेश में एक अप्रैल तक प्रदेश में मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील बना रहेगा। 29 मार्च से 1 अप्रैल के बीच बीच में आंशिक बादल छाए रहने, तेज हवाएं चलने और गरज-चमक के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इस दौरान दिन के तापमान में गिरावट और रात के तापमान में हल्की बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है।
-डॉ. मदन खीचड़, एचएयू मौसम विभाग, हिसार

29 से 31 मार्च मौसम में व्यापक बदलाव दिखने सकता है

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन के अनुसार रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। इसके प्रभाव से हरियाणा के लगभग 25 से 30 प्रतिशत हिस्सों में हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इस सिस्टम के तुरंत बाद एक और शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ उत्तर भारत के पर्वतीय क्षेत्रों में सक्रिय होगा। इसके असर से 29 से 31 मार्च के दौरान हरियाणा और एनसीआर में मौसम में व्यापक बदलाव देखने को मिल सकता है। इस दौरान तेज हवाएं चलने के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है, जबकि कुछ स्थानों पर छिटपुट ओलावृष्टि भी हो सकती है।

पुलिस की मौजूदगी में हो रही सप्लाई

फतेहाबाद में पेट्रोल-डीजल के लिए दूसरे दिन भी पम्पों पर उमड़ी लोगों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच जारी तनाव का असर अब आम जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। एलपीजी के बाद अब पेट्रोल और डीजल को लेकर भी लोगों में असमंजस की स्थिति बन गई है। शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन शहर के पेट्रोल पंपों पर लंबी-लंबी कतारें देखने को मिलीं। कई जगहों पर हालात ऐसे रहे कि वाहन चालकों को अपनी बारी के लिए काफी देर तक इंतजार करना पड़ा। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने एहतियातन पुलिस बल तैनात किया, ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था या झगड़े की स्थिति पैदा न हो। पुलिस की मौजूदगी में ही पंपों पर पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति कराई गई। इस दौरान पुलिसकर्मी लाइन में लगे लोगों को व्यवस्थित करते नजर आए। पेट्रोल पंप संचालक शंटी मोंगा का कहना है कि पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। पर्याप्त मात्रा में ईंधन उपलब्ध है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम के चलते लोगों में अनावश्यक घबराहट फैल गई है। इसी कारण लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन भरवा रहे हैं, जिससे पंपों पर भीड़ बढ़ रही है।

फतेहाबाद। पेट्रोल पम्पों पर तैनात पुलिस कर्मचारी। *फोटो: हरिभूमि*

फतेहाबाद। पेट्रोल पम्पों पर लगी लाइन। *फोटो: हरिभूमि*

संचालक बोले, सिर्फ इमरजेंसी कोटा बचा

फतेहाबाद में बीपीसीएल के पेट्रोल पंप पर डीजल पेट्रोल की सप्लाई मिलनी बंद हो गई है। पंप संचालक ललित मेहता ने बताया कि कंपनी की तरफ से हमें सप्लाई नहीं मिली, इसलिए अब ग्राहकों को भी पेट्रोल डीजल देना बंद कर दिया है। सिर्फ इमरजेंसी कोटा रखा है। हालांकि, कंपनी ने आश्वासन दिया है कि कल तक गाड़ी भेज दी जाएगी। मेहता ने बताया कि रोजाना 22 हजार लीटर तेल की सप्लाई उनको मिलती है। फतेहाबाद पेट्रोल पंप एसोसिएशन के प्रधान गुरदीप सिंह ने बताया कि जिले में बीपीसीएल और एचपीसीएल के पंपों पर पर्याप्त सप्लाई नहीं आ रही है।

मजबूरी में डलवा रहे महंगा तेल

फतेहाबाद में शहर के बीचों-बीच स्थित पेट्रोल पम्पों पर तेल न मिलने पर लोग आसपास के क्षेत्रों में तेल डलवाने को मजबूर है। ऐसे में इन पम्पों पर तैनात सेल्जमैन उन्हें पेट्रोल तो डाल देते हैं लेकिन वह सामान्य तेल न होकर स्पीड तेल होता है जोकि सामान्य तेल से करीब 10 रुपये प्रति लीटर महंगा है। ऐसे में मजबूरी में लोगों को महंगा तेल डलवाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि इस समय सामान्य पेट्रोल के भाव करीब 96 रुपये है जबकि स्पीड तेल 105 रुपये प्रति लीटर है।

पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस कर्मचारी तैनात

क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर व्यवस्था बनाए रखने तथा कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस भी सतर्क हो गई है। पेट्रोल पम्पों पर पुलिस कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। जिला पुलिस द्वारा सभी पेट्रोल पंपों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा पेट्रोल-डीजल का वितरण शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संचालित होता रहे। इस संबंध में एसपी सिद्धांत जैन ने थाना प्रभारियों को निर्देश जारी किए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों पर नियमित गश्त करें तथा वहां की स्थिति पर सतत दृष्टि बनाए रखें। पुलिस दलों द्वारा पेट्रोल पंपों के आसपास विशेष निगरानी रखी जा रही है, ताकि किसी प्रकार की भीड़, अव्यवस्था, अफरा-तफरी अथवा विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। यदि किसी स्थान पर भीड़ अधिक होने की स्थिति उत्पन्न होती है, तो पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर लाइन व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है तथा आमजन को शालीन एवं शांतिपूर्ण ढंग से अपनी बारी के अनुसार पेट्रोल-डीजल प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।

एक्साइज ड्यूटी में कटौती से लोगों पर बोझ होगा कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी में की गई भारी कटौती का स्वागत करते हुए इसे ऐतिहासिक और जनहितकारी निर्णय बताया है। उन्होंने कहा कि यह कदम वैश्विक स्तर पर बढ़ती महंगाई के बीच आम नागरिकों के साथ-साथ किसानों को भी बड़ी राहत देने वाला है। बराला ने बताया कि सरकार ने पेट्रोल पर एक्साइज ड्यूटी को 13 रुपये से घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर दिया है, जबकि डीजल पर 10 रुपये प्रति लीटर की ड्यूटी को पूरी तरह समाप्त कर दिया गया है। इससे परिवहन लागत घटेगी और इसका सीधा लाभ किसानों, व्यापारियों व आम उपभोक्ताओं को मिलेगा।

सुभाष बराला।

पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती सरकार का दूरदर्शी निर्णयः यतींद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट यतीद्र सिंह ने केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोल एवं डीजल पर उत्पाद शुल्क में की गई कटौती को राष्ट्रहित एवं जनकल्याण की दिशा में एक दूरदर्शी, साहसिक एवं युगांतरकारी निर्णय बताया है। एडवोकेट यतींद्र सिंह ने कहा कि वर्तमान में पश्चिम एशिया में उत्पन्न जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में निरंतर वृद्धि हो रही है, जिससे विश्व की अर्थव्यवस्थाएं प्रभावित हो रही हैं। ऐसे में सरकार आमजन के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क को 13 से घटाकर 3 प्रति लीटर तथा डीजल पर 10 से शून्य करना सराहनीय एवं राहतकारी कदम है।

महंगाई से मिलेगी राहत

एडवोकेट यतीद्र सिंह ने कहा कि इस निर्णय से देश के करोड़ों नागरिकों को महंगाई के बोझ से बड़ी राहत मिलेगी। परिवहन लागत में कमी आने से आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में भी स्थिरता आएगी, जिससे आम जनता के दैनिक जीवन पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। किसानों, मजदूरों, छोटे व्यापारियों एवं मध्यम वर्ग के लिए यह निर्णय विशेष रूप से लाभकारी सिद्ध होगा, क्योंकि डीजल की कीमतों में कमी से कृषि एवं परिवहन से जुड़े खर्चों में उल्लेखनीय कमी आएगी।

एसडीएम ने आढ़तियों के साथ की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

मार्केट कमेटी कार्यालय में एसडीएम राजेंद्र कुमार ने आढ़तियों के साथ बैठक की। बैठक में गेहूं और सरसों के सीजन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विचार विमर्श हुआ, जिनमें आगामी सीजन में ट्रांसपोर्ट ठेकेदार द्वारा मंडी में अधिक मात्रा में ट्रक उपलब्ध करवाये जाएं, तीनों एजेंसियों (हैफेड, वेयरहाउस, डीएफएससी) के गोदामों और कंडों हेतु नई अतिरिक्त मंडी में मूलभूत सुविधाओं हेतु, सीजन के दौरान सरकार की तरफ से चौकीदार उपलब्ध करवाना शामिल है। आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान प्रेम बजाज ने कहा कि सरकारी खरीद एजेंसी 48 घंटों में मंडी से माल का उठान करना सुनिश्चित करे, ताकि किसानों को फसल लाने व आढ़तियों को फसल उठवाने में कोई समस्या न आए। एसडीएम ने संबंधित विभागों को मंडी का कार्य सुचारू रूप से चलाने के लिए कहा, ताकि सीजन के दौरान किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

सिरसा। मार्केट कमेटी कार्यालय में आढ़तियों के साथ बैठक करते एसडीएम।

बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग, साधु झुलसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

शहर की डॉक्टर मार्केट के पास मेन रोड पर लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शुक्रवार को अचानक आग लगने से लोगों में भगदड़ मच गई। वहीं इस हादसे में ट्रांसफार्मर के पास व्हीलचेयर पर बैठा एक साधु झुलस गया, जिसे लोगों ने खींच कर आग से बाहर निकाला।

एंबुलेंस की मदद से उसे कालांवाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया, जहां उसे प्राथमिक उपचार देकर सिरसा रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ट्रांसफार्मर में अचानक भयानक आग लगने से आग की लपटें दूर दूर तक निकलती रही, जिसको लेकर आस पास के दुकानदारों ने शटर नीचे गिरा दिए और दूर भाग गए। इसी दौरान वहां मौजूद एक साधु जो कि व्हील चेयर पर बैठा था वह आग की चपेट में आ गया, जिसे राहगीरों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला। सुलझे साधु की पहचान नहीं हो पाई है।

सिरसा। बिजली ट्रांसफार्मर में लगी आग। *फोटो: हरिभूमि*

बिजली रही बाधित

दुकानदारों ने तुरंत बिजली निगम और फायर ब्रिगेड को सूचना दी और बिजली सप्लाई बंद कर करवाई। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। इस घटना के शहर के कुछ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति भी बाधित रही। इस संबंध में बिजली निगम के जेई केवल कुमार ने बताया कि लोगों ने उन्हें बताया कि हादसे में जख्मी हुए साधु के कारण ही उक्त घटना हुई है। उन्होंने बताया कि उक्त साधु ट्रांसफार्म के चारों तरफ लगी लोहे की जाली में अंदर गया और तारों से छेडछाड की, जिसके बाद ट्रांसफामर में आग लगी।

लघु नाटक 'मुक्तिधाम' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

राजकीय महिला महाविद्यालय सिरसा में सामाजिक सरोकारों पर आधारित लघु नाटक 'मुक्तिधाम' का मंचन किया गया। डॉ. कपिल सैनी ने बताया कि यह नाटक संस्कृत भारत सरकार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, प्रयागराज के तत्वावधान में केएल थिएटर प्रोडक्शन तथा संस्कार भारती सिरसा शाखा द्वारा प्रस्तुत किया गया। नाटक का निर्देशन करण लड्ढा ने किया, जबकि सूत्रधार के रूप में अमित लड्ढा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में संस्कार भारती से जयंत कुमार एवं राजेंद्र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सिरसा। कलाकारों को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

नाटक होता है समाज का दर्पणः प्राचार्य

नाटक की कथा वर्तमान भौतिकवादी युग में बदलती मानवीय संवेदनाओं पर केंद्रित रही, जिसमें यह दर्शाया गया कि किस प्रकार विकृत मानसिकता के कारण कुछ लोग अपने माता-पिता से दूरी बना लेते हैं। साथ ही, इस समस्या के समाधान का संदेश भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. शत्रुजीत सिंह ने कहा कि नाटक केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज का दर्पण होता है। यह विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और उन्हें सामाजिक मुद्दों के प्रति संवेदनशील बनाता है।

मात्र 37407 रुपये का क्लेम मिला, प्रति एकड़ 22 हजार रुपये का दावा

पूरा बीमा न मिलने पर किसानों ने बैंक के बाहर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कालांवाली

कालांवाली में किसानों ने फसल बीमा का पूरा क्लेम न मिलने पर शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक के बाहर धरना लगाया और पूरा बीमा क्लेम देने की मांग की। किसानों का बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उन्होंने अपनी फसल का बीमा करवाया था, लेकिन उन्हें पूरा क्लेम नहीं मिला। गांव सुखचैन के किसान दारा सिंह ने बताया कि उसने कालांवाली के एचडीएफसी बैंक में जुलाई माह में अपने करीब नौ एकड़ फसल का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था जिसके लिए उसके खाते से करीब 20 हजार रुपये काटे गए थे। जबकि उक्त योजना के तहत उसके खाते में बीमा क्लेम की मात्र 37 हजार 407 रुपये की राशि आई, जबकि सरकार द्वारा करीब 22 हजार रुपये प्रति एकड़ के हिसाब से क्लेम दिया गया है। उन्होंने बताया कि उसने बीमा को लेकर पूरे दस्तावेज जमा करवाए थे परंतु इसके बावजूद भी उसके खाते में करीब डेढ़ एकड़ का ही क्लेम डाला गया। किसान ने बताया कि इस मामले को लेकर वह बैंक अधिकारियों से कई बार मिल चुकें हैं परंतु कोई सुनवाई नहीं की, जिसके चलते उन्हें धरना प्रदर्शन करना पड़ रहा है।

सिरसा। बीमा क्लेम को लेकर बैंक के बाहर धरने पर बैठे किसान। *फोटो: हरिभूमि*

नहीं मिला क्लेम

किसान गुरप्रीत सिंह, जसवंत सिंह ने बताया कि उसके खाते से भी बैंक द्वारा बीमा की पूरी राशि काटी गई लेकिन उसे भी पूरा क्लेम नहीं मिला। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पूरी फसल का बीमा क्लेम दिलवाया जाए ओर बैंक की जांच करवाई जाए। किसान नेता गुरनाम सिंह पक्का शहीदां ने कहा कि यदि किसानों की समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन बड़े स्तर पर धरना प्रदर्शन करेगी।

दस्तावेजों में कमी

बैंक के कृषि अधिकारी प्रदीप जैन ने कहा कि किसानों ने बीमा को लेकर बैंक में जो जमीन के दस्तावेज जमा करवाए थे वह फसल पंजीकरण के साथ मेल नहीं खाते जिस कारण उनका पूरा क्लेम नहीं आया। बैंक द्वारा यह बात किसानों को लिख कर भी दे दी है, इसमें बैंक की कोई गलती नहीं है। अधिकारी द्वारा किसानों को एक सप्ताह का समय देने पर किसानों ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया।

इच्छामृत्यु पर आधारित मर्सी की पहली झलक आई सामने

मुंबई। आदित हुसैन स्टारर फिल्म मर्सी की पहली झलक आज सामने आ गई है। इसके साथ ही मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट भी जारी कर दी है। कई फिल्म फेस्टिवल्स में सराहना बटोरने के बाद फैंस इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की पहली झलक देखने के बाद फैंस का उत्साह फिल्म को लेकर और भी बढ़ गया है। मेकर्स ने फिल्म की पहली झलक साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हर विदाई में प्यार और बिछड़ने की कहानी छिपी होती है। 'मर्सी' की पहली झलक चुनिंदा सिनेमाघरों में धुरंधर द रिवेंज के साथ दिखाई जा रही है। मर्सी जुड़ाव, देखभाल और जाने देने के लिए जरूरी शांत शक्ति की एक गहरी मानवीय कहानी दिखाती है। 'मर्सी' भारत भर में 24 अप्रैल को रिलीज हो रही है।'मर्सी निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे संवेदनशील विषय पर आधारित है। फिल्म में गहरा इमोशन, दुख और दर्द देखने को मिलता है।

लाइफ Style

आरती

कई फिल्मों में काटे गए मेरे रोल्स

अभिनेत्री आरती छाबड़िया ने बॉलीवुड में होने वाली राजनीति को लेकर कई बड़े खुलासे किए हैं। उन्होंने बताया कैसे कई फिल्मों से उनके रोल काट दिए गए। अभिनेत्री आरती छाबड़िया काफी समय से लाइमलाइट से दूर हैं। उनकी आखिरी प्रमुख भूमिका 2010 में आई फिल्म 'मिलेंगे मिलेंगे' में थी। अब वह बॉलीवुड में वापसी करने की तैयारी में हैं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

आरती का ऐसा कहना है कि वो अपने कॅरियर में कई बार बॉलीवुड में होने वाली राजनीति का शिकार हुई हैं। जिसके चलते कभी उनका रोल कट गया, तो कभी उनका पूरा गाना ही फिल्म से हटा दिया गया। आरती छाबड़िया ने इंडस्ट्री की पॉलिटिक्स के कारण अपने पेशेवर जीवन में आई बाधाओं के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि पार्टनर, शूटआउट एट लोखंडवाला, मिलेंगे मिलेंगे और अन्य फिल्मों में उनके कई सीन काट दिए गए थे। टाइटल रोल निभाने के बावजूद, ऐसा लगता था जैसे मैं फिल्म में दिख ही नहीं रही। कई फिल्में ऐसी थीं, जिनमें मेरे सीन काट दिए गए और गाने शूट होने के बाद हटा दिए गए। मिलेंगे मिलेंगे में शाहिद कपूर के साथ मेरा पूरा गाना था, लेकिन उसे काट दिया गया। बोनी उस फिल्म के प्रोड्यूसर थे और सतीश कौशिक ने डायरेक्ट किया था। आपको पता नहीं होता कि ये फैसले क्यों लिए जाते हैं। हम कलाकार हमेशा प्रोड्यूसर के फैसले का सम्मान करते हैं और हमें कोई पछतावा नहीं है। अभिनेत्री ने आगे कहा कि सिर्फ एक ही फिल्म में नहीं, बल्कि कई फिल्मों में मेरे साथ ऐसा ही हुआ है। ऐसी कई फिल्में थीं, जिनमें अलग-अलग कारणों से मेरे रोल काट दिए गए थे। जैसे कि सलमान खान और गोविंदा की 'पार्टनर' में मेरी भूमिका वैसी नहीं थी जैसी तय की गई थी।



हॉलीवुड मसाला

स्पाइडर मैन- ब्रांड न्यू डे का धमाका

लॉस एंजिल्स। हॉलीवुड फिल्म 'स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे' इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज होते ही इंटरनेट पर छा गया और अब इसने एक बड़ा रिकॉर्ड भी बना लिया है। स्पाइडर-मैनः ब्रांड न्यू डे'ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है और अब इस फिल्म ने एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, टॉम हॉलैंड स्टारर इस फिल्म के ट्रेलर ने कुछ ही दिनों में 1 बिलियन (100 करोड़) व्यूज का आंकड़ा पार कर लिया है। यह ऐसा करने वाला पहला फिल्म ट्रेलर बन गया है, जिसने इतनी बड़ा मुकाम हासिल किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्रेलर 18 मार्च को रिलीज हुआ था और रिलीज के बाद से ही इसे दुनियाभर में जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। पहले 24 घंटों में ही करोड़ों व्यूज मिल गए थे और सिर्फ कुछ दिनों में यह 1 बिलियन के पार पहुंच गया।



2029 से लॉस एंजिल्स में होगा ऑस्कर का आयोजन

नई दिल्ली। हॉलीवुड की सबसे बड़ी शाम ऑस्कर्स अपनी जगह बदलने वाली है। ऑस्कर डॉल्बी थिएटर से ट्रांसफर होकर लॉस एंजिल्स लाइव के पीकॉक थिएटर में जारी रहेगा और ये सिलसिला 2029 से शुरू होकर 2039 तक चलेगा। इसके तहत एईजी के साथ 10 साल की साझेदारी हुई है। एक अलग अधिकार समझौते के माध्यम से 2033 तक चलने वाले इस समारोह का ग्लोबल लेवल पर यूट्यूब पर सीधा प्रसारण किया जाएगा। इस नई वाली लोकेशन पर कोई भी शॉपिंग सेंटर नहीं है। अकादमी ने कहा कि पीकॉक थिएटर, जो 2008 से प्राइमटाइम एमी अवार्ड्स का भी आयोजन स्थल रहा है, खेल और मनोरंजन जगत की दिग्गज कंपनी एईजी (जो लॉस एंजिल्स लाइव की मालिक है) के साथ हुए नए समझौते के तहत इस अंदर व्यापक सुधार होने हैं। प्रेस रिलीज में बताया गया है कि एल.ए. लाइव प्लाजा जहां वर्तमान में स्पोर्ट्स बार रेस्टोरेंट चेन यार्ड हाउस सहित डाइनिंग के कई ऑपशन उपलब्ध हैं। अब यह प्रतिष्ठित ऑस्कर रेड कार्पेट का स्थल होगा। साल 2002 से ऑस्कर समारोह हॉलीवुड बुलेवार्ड पर स्थित डॉल्बी थिएटर (पूर्व में कोडक थिएटर) में आयोजित किया जाता रहा है।



खचाखच भरे थिएटर में छुपकर देखी धुरंधर 2

मुंबई। निर्देशक आदित्य धर की पत्नी और बॉलीवुड अभिनेत्री यामी गौतम ने चुपके से खचाखच भरे सिनेमाघर में 'धुरंधर 2' देखी। उन्हें अपना चेहरा छुपाते हुए और अपनी बहन सुरीली को चुप रहने का इशारा भी किया, ताकि दर्शक उन्हें देख न सकें। उनका यह वीडियो अब फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। यामी की बहन सुरीली गौतम ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें यामी थिएटर में खचाखच भरे दर्शकों के बीच फिल्म देख रही थीं। यामी ने भी इस वीडियो को अपने अकाउंट पर दोबारा शेयर किया। जिस पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं। इस वीडियो में यामी फिल्म 'धुरंधर 2' के स्क्रीन पर अपनी छोटी कैमियो भूमिका (नर्स का रोल) देखकर शर्मा रही थीं। उन्होंने अपना चेहरा छुपाया और सुरीली को चुप रहने का इशारा किया, ताकि आसपास बैठे लोग उन्हें पहचान न सकें।

शेयर किया मस्ती भरा है ये समा का वीडियो

मुंबई। कुमार सानू बॉलीवुड के बेहतरीन गायकों में से एक हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने कई फिल्मों को शानदार गाने दिए। उनके पास इससे जुड़ी कई यादें हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया और इससे जुड़ा एक किस्सा सुनाया है। इंस्टाग्राम पर कुमार सानू ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें देखा जा सकता है कि उन्होंने 90 के दशक के एक डुएट सॉन्ग 'मस्ती भरा है ये समा' की रिकॉर्डिंग की झलक पेश की। गायक ने आगे लिखा, 'इस खूबसूरत डुएट गाने को सुनते ही मैं सीधे फिल्म 'दिल है कि मानता नहीं' की रिकॉर्डिंग सत्रों में खो जाता हूं। वह समय संगीत, जुनून और शानदार लोगों से भरा हुआ था। रिकॉर्डिंग के दौरान का माहौल बहुत मस्ती भरा और यादगार था।' कुमार सानू ने लिखा, 'मुझे सबसे ज्यादा गुलशन कुमार जी याद आते हैं।

टीवी मसाला

क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 नहीं हो रहा है बंद

नई दिल्ली। क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को लेकर कुछ दिनों से खबर आ रही है कि शो बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबरें आ रही थीं कि शो को क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, ये सब खबरें गलत हैं। स्टार प्लस ने एक स्टेटमेंट जारी कर अब पूरा सच बताया है। इसके अलावा शो की लीड एक्ट्रेस स्मृति ईरानी का भी इन खबरों पर रिएक्शन आ गया है। मेकर्स ने दरअसल, शो के बंद होने की खबर के वायरल होने के बाद स्पेशयली स्टेटमेंट जारी किया। उन्होंने दर्शकों को क्लीयर किया, 'हमने नोटिस किया कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी का सीजन 2 बंद होने वाला है और इसे क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं से रिप्लेस किया जाएगा। लेकिन, हम क्लीयर करना चाहेंगे कि ये रिपोर्ट्स फालतू की हैं। हम ना तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 को बंद कर रहे हैं और ना अभी तक शो की एंड डेट कोई आई है।'इस स्टेटमेंट को शेयर कर कैप्शन में लिखा है कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी रोज रात को 10.30 बजे सिर्फ स्टार प्लस में और कभी भी जियो हॉटस्टार पर। बता दें कि हाल ही में ऐसी अफवाह थी कि क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 बंद होने वाला है। वहीं ऐसी भी खबर थी कि नया शो प्लान किया जा रहा है क्योंकि रिश्तों के भी रूप बदलते हैं टाइटल के साथ। इसमें अंगद और वृंदा की लाइफ पर फोकस किया जाएगा।

ट्रेन में हुई थी सीरियल की शूटिंग

नई दिल्ली। दूरदर्शन पर कई ऐसे शोज आए जो आज के वक्त में भी याद किए जाते हैं। ऐसा ही दूरदर्शन का एक शो था जिसका ज्यादातर हिस्सा भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक में

शूट हुआ था। हम जिस शो की बात कर रहे हैं उस शो का नाम है यात्रा। यात्रा दूरदर्शन पर साल 1986 में प्रसारित हुआ था। इस सीरियल में कुल 15 एपिसोड्स थे। जिस वक्त ये सीरियल रिलीज हुआ था इसे काफी पसंद किया गया था। दूरदर्शन के इस सीरियल को श्याम बेनेगल ने डायरेक्ट किया था। दूरदर्शन के शो यात्रा की शूटिंग हिमसागर एक्सप्रेस और त्रिपुरा एक्सप्रेस में हुई थी। हिमसागर एक्सप्रेस, भारतीय रेलवे की सबसे लंबी जर्नी करने वाली ट्रेनों में से एक है। हिमसागर एक्सप्रेस कन्याकुमारी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा के बीच चलने वाली ट्रेन है। श्याम बेनेगल के शो की कास्ट की बात करें तो इस शो में ओम पुरी, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, ईला अरुण, राजेंद्र गुप्ता, मोहन गोखले और हिमानी शिवपुरी जैसे कलाकार नजर आए थे।

मां का सम में दिखी मोना और मिहिर की लॉजिकल कहानी

मुंबई। 'मां का सम' नई सीरीज का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हुआ। सीरीज के ट्रेलर में रोमांटिक, एक्शन और थ्रिलर की जगह लॉजिकल कहानी नजर आई। यह कहानी एक 19 साल के मैथ जीनियस लड़के की है। 'मां का सम' सीरीज 3 अप्रैल को सिर्फ प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी। 'मां का सम' के ट्रेलर में अगस्त्य (मिहिर आहूजा) से मिलवाया गया है, जो 19 साल का लड़का है और मैथ में जीनियस है। उसका मानना है कि 'मैथ हो या प्यार दोनों में एक ही इक्वेशन है।' अगस्त्य (मिहिर आहूजा) अपनी सिंगल मां विनीता (मोना सिंह) के लिए एक परफेक्ट पार्टनर ढूंढने का मिशन शुरू करता है, जिसका नाम रखता है-प्रोजेक्ट मॉम। यह एक ऐसी कहानी है, जिसमें लॉजिक और भावनाएं दोनों

साथ चलती हैं। लेकिन जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है अगस्त्य के बनाए हुए सारे फॉर्मूले बिगड़ने लगते हैं। कहानी में एक नई मैथ प्रोफेसर इरा (अंगिरा धर) भी आती है। अगस्त्य और इरा मिलकर एक एल्गोरिदम बनाते हैं, जो परफेक्ट मैच ढूंढने में मदद करे। लेकिन धीरे-धीरे भावनाएं अगस्त्य की कैलकुलेटेड दुनिया में घुसने लगती हैं और सारी गणित उलझ जाती है। मोना सिंह ने इस सीरीज में विनीता का किरदार निभाया है।

इस वीकएंड रिलीज होंगी ये दिलचस्प फिल्में और सीरीज

नई दिल्ली। थिएटर्स में 'धुरंधर 2' का हल्ला है। आज नवमी पूजन के साथ चैत्र नवरात्रि का समापन हो गया है। यह फेस्टिव वीकएंड मनोरंजन के लिहाज से काफी खास है। इस सप्ताह एक्शन, कॉमेडी और थ्रिलर से भरपूर कई सीरीज और फिल्में आ रही हैं।

ओ रोमियो

सिनेमाघरों के बाद शाहिद कपूर की ओ रोमियो ने ओटीटी पर दस्तक दे दी है। इसके निर्देशन की कमान विशाल भारद्वाज ने संभाली। ओ रोमियो एक डार्क रोमांटिक थ्रिलर फिल्म है। शाहिद कपूर के साथ तृप्ति डिमरी भी अहम भूमिका में हैं। इनके अलावा नाना पाटेकर, अविनाश तिवारी, दिशा पाटनी, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया और विक्रांत मैसी भी फिल्म का हिस्सा हैं। यह फिल्म 27 मार्च से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम हो गई है। हालांकि, गौर करने वाली बात ये है कि फिलहाल यह रेंट पर उपलब्ध होगी।

डिटेक्टिव होल

अगर आपको क्राइम ड्रामा पसंद हैं तो इसे अपनी लिस्ट में शामिल कर सकते हैं। यह नॉर्वेजियन क्राइम ड्रामा एक परेशान जासूस की कहानी पर आधारित है, जिसे ओस्लो में हुई बेरहम हत्याओं की एक कड़ी की जांच करने का काम सौंपा जाता है। साथ ही वह अपने अंदर के संघर्षों से भी जूझ रहा होता है। उसकी जांच में एक भ्रष्ट सहकर्मी भी बाधा डालता है, जिसका उसे सामना करना पड़ता है। 'डिटेक्टिव होल' 26 मार्च से नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।

बीटीएस द रिटर्न

डॉक्यूमेंट्री 'बीटीएस-द रिटर्न' भी इस वीक की लिस्ट में शामिल है। यह डॉक्यूमेंट्री **BTS** के मिलिट्री सर्विस से लौटने के बाद उनके कमबैक के पीछे की कहानी दिखाती है। बैंड के लिए लोगों की दीवानगी इसमें देखने को मिलेगी। बता दें कि 'बीटीएस' लोकप्रिय दक्षिण कोरियाई बैंड है। के-पॉप ग्रुप बीटीएस ने लंबे ब्रेक के बाद वापसी की है। 'बीटीएस द रिटर्न' डॉक्यूमेंट्री 27 मार्च से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

प्रजापति 2

इस वीकएंड की लिस्ट में 'प्रजापित 2' भी शामिल है। मिथुन चक्रवर्ती और देव एक बार फिर साथ नजर आएंगे। यह एक ऐसे पिता की कहानी पर आधारित है, जो अपने बेटे की दूसरी शादी कराना चाहता है। वहीं बेटा अपनी जिम्मेदारियों के बीच फंसा है। इसे दर्शक 27 मार्च से जी5 पर देख रहे हैं।

कट्टान

यह मिस्ट्री थ्रिलर सीरीज है। इसका निर्देशन एम. मणिकंदन ने किया है। सीरीज की कहानी एक छोटे से गांव में एक मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। सीरीज में विजय सेतुपति लीड रोल में हैं। उनके अलावा मिलिंद सोमन, सुदेव नायर, वीजे पार्वती भी इसका हिस्सा हैं।

ये हैं टॉप 10 स्टार्स, जिनकी फिल्मों ने वर्ल्डवाइड की ज्यादा कमाई

नई दिल्ली। कई स्टार्स की फिल्में हैं जिन्होंने ना सिर्फ भारत बल्कि वर्ल्डवाइड भी खूब कमाल किया है। आज हम आपको स्टार्स की लास्ट 10 फिल्मों के हिसाब से सबसे ज्यादा ग्रॉस वर्ल्डवाइड कमाई के कलेक्शन के बारे में बताएंगे। जानें आईएमडीबी इस लिस्ट में आपके फेवरेट स्टार्स किस नंबर पर हैं।

प्रभास

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों की बात करें तो राजा साब : 208.6 करोड़, कल्कि 2898 एडी : 1052.4 करोड़, सालार पार्ट 1 : 618.2 करोड़, आदिपुरुष :356.2 करोड़, राधे ध्याम : 148.8 करोड़, साहो 432.4 करोड़, बाहुबली 2 : 1782.4 करोड़, बाहुबली : 600.6 करोड़, मिर्ची : 83.4 करोड़,रेबेल : 45.8 करोड़। इसकी के साथ उनका लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़ है।

आमिर खान

आमिर खान की फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर : 267.5 करोड़, लाल सिंह चड्ढा 133.2 करोड़, ठग्स ऑफ हिंदोस्तान 318.2 करोड़, दंगल 1924 करोड़ पीके 760.3 करोड़, धूम 3 545.8 करोड़, तलाश 175.8 करोड़, 3 इडियट्स 397.3 करोड़, गजनी 194.2 करोड़, तारे जमीन पर 98.5 करोड़। इसी के साथ आमिर का टोटल लास्ट 10 फिल्मों का कलेक्शन 4815.5 करोड़ है।

प्रभास की लास्ट 10 फिल्मों का टोटल कलेक्शन 5,328 करोड़

शाहरुख खान

शाहरुख खान की बात करें तो उनकी फिल्म डंकी के 453.8 करोड़, जवान 1150.7 करोड़, पठान 1042.2 करोड़,जीरो 182.8 करोड़, जब हैरी मेट सेजल 147.8 करोड़, रईस 281.2 करोड़, डियर जिंदगी 135.2 करोड़, फैन 182.3 करोड़, दिलवाले 376.8 करोड़, हैप्पी न्यू ईयर 382.8 करोड़। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 4335.6 करोड़ है।



सलमान खान

सलमान खान की बात करें तो टाइगर 3 : 466.7 करोड़, किसी का भाई किसी की जान 182.5 करोड़, दबंग 3 230.9 करोड़, भारत 325.5 करोड़, रेस 3 294.8 करोड़, टाइगर जिंदा है 565.5 करोड़, ट्यूबलाइट 211.2 करोड़, सुल्तान 618.8 करोड़, प्रेम रतन धन पायो 367.2 करोड़, बजरंगी भाई जान 918.2 करोड़ है। इसी के साथ सलमान का टोटल कलेक्शन 4181.3 करोड़ है।

रणवीर सिंह

रणवीर सिंह की बात करें तो उनकी फिल्म धुरंधर 1307, रॉकी और रानी की प्रेम करानी 352, सर्कस 59.2 करोड़, जयशभाई जोरदार 14.8, गली बॉय 229.2 करोड़, सिम्बा 387.6 करोड़, पद्मावत 546.2 करोड़, बेफिक्रे 96.8 करोड़, बाजीराव मस्तानी 354.2 करोड़ है। इसी के साथ रणवीर का टोटल कलेक्शन 3529.6 करोड़ है।

रजनीकांत

रजनीकांत की फिल्मों की बात करें तो कुली 516.8 करोड़, वेट्टैयन 240.8 करोड़, जेलर 605.8 करोड़, अन्नाते 146.2 करोड़, दरबार 198.3 करोड़, पेट्टा 216.2 करोड़, रोबॉट 2.0 693.2 करोड़, काला 153.9 करोड़, कबाली 294.2 करोड़, लिंगा 136.2 करोड़। इसी के साथ रजनीकांत का टोटल कलेक्शन 3201.6 करोड़ है।

विजय : विजय की मूवीज की बात करें तो द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम 452.8 करोड़, लियो 615.6 करोड़, वरिसु 292.8 करोड़, बीस्ट 216.4 करोड़, मास्टर 225.3 करोड़,बिगिल 295.2 करोड़, सरकार 243.5 करोड़, मर्साल 244.8 करोड़, बैरावा 110.8 करोड़, तहरी 143.6 करोड़ है। इसकी के साथ उनका टोटल कलेक्शन 2840.8 करोड़ है।

रणबीर कपूरः रणबीर कपूर की लास्ट मूवीज की में एनिमल 910.4 करोड़, तू झूठी मैं मक्कार 192.8 करोड़, ब्रह्मास्त्र पार्ट 1 शिवा 418.6 करोड़, शमशेरा 60.8 करोड़, संजू 565.5 करोड़, ऐ दिल है मुश्किल 228.4 करोड़, तमाशा 131.6 करोड़, बॉम्बे वेलवेट 42.8 करोड़, रॉय 55.2 करोड़ है। टोटल कलेक्शन 2689.3 करोड़ है।

ऋतिक रोशनः ऋतिक रोशन की बात करें तो उनकी मूवीज वॉर 2 ने 348.6 करोड़, फाइटर 338.4 करोड़, विक्रम वेधा 134.2 करोड़, वॉर 442.6 करोड़, सुपर 30 204.2 करोड़,काबिल 154.6 करोड़, मोहनजो दारो 103.2 करोड़, बैंग बैंग 254.2 करोड़, कृष 3 291.4 करोड़, अग्निपथ 190.2 करोड़। फिल्म का टोटल कलेक्शन 2461.6 करोड़ है।

जूनियर एनटीआरः जूनियर एनटीआर की मूवीज की बात करें तो देवरा 423.2 करोड़, आरआरआर 1291.2 करोड़, अरविंद समेता वीरा राघवा 143.2 करोड़, जय लावा कुसा 124.8 करोड़, जनाता गराज 131.2 करोड़, नन्नाकु प्रेमातो 85.2 करोड़, टेम्पर 74.2 करोड़, रहस्य 40.6 करोड़, रमैया वस्तावैया 51.4 करोड़, बादशाह 75.8 करोड़ है। इसी के साथ मूवी का टोटल कलेक्शन 2440.8 करोड़ है।

खबर संक्षेप

महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की गई

रतिया। मां शीतला मंदिर परिसर में चल रही चैत्र नवरात्रों की महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा आराधना की गई। मंदिर पुजारी सतीश शास्त्री ने बताया कि मां सिद्धिदात्री सीधिदयो की देवी है और कमल पर विराजमान है। इस दिन लाल और गुलाबी वस्त्र पहनने का विधान है। मां को कमल का फूल अर्पित करें। इस दिन नौ कन्याओं को भोजन करवाना अत्यंत शुभ माना जाता है। मां सिद्धिदात्री की पूजा से भक्तजनों की सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं और जीवन में सुख समृद्धि आती है। आज मंदिर परिसर में भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान श्री राम के जन्मदिन को बड़े धूमधाम से मनाया। इस मौके पर रामायण पाठ भी किया गया। अर्चना ने राम दरबार के समक्ष पूजा आराधना की।

श्री खाटू श्याम धाम में किया कंजक पूजन

सिरसा। रानियां रोड स्थित श्री खाटू श्याम धाम में श्री श्याम परिवार द्वारा रामनवमी के मौके पर हवन यज्ञ व कंजक पूजन धूमधाम से साथ मनाया गया। पुजारी उमेश गर्ग, विजेंद्र व रामशरण गौतम ने मंदिर के ट्रस्टियों के साथ मिलकर पूजा करवाई। इसके बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ किया गया, जिसमें ट्रस्टियों के साथ-साथ उपस्थित लोगों ने भी आहूति डालकर पुण्य कमाया। मंदिर के प्रवक्ता दीपेश गोयल ने बताया कि मंदिर प्रांगण में नवरात्रा महोत्सव मनाया गया। मंदिर में 51 कन्याओं का कंजक पूजन कर उन्हें भोज करवाया गया। इस मौके पर संजीव गुप्ता, भारत भूषण गुप्ता, राजेंद्र रातुसरिया, विजय तनेजा, सुमित नुहियांवाली, सन्नी चावला, दिवांश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अंकुर गुप्ता, सरोज अग्रवाल आदि रहे।

चाकू और छुरी से हमला करने वाले चार गिरफ्तार

हिसार। शहर की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस टीम ने चाकू व छुरी से हमला करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरापियों की पहचान आदर्श नगर निवासी दीपक, टिब्बा दानाशेर निवासी जतिन, शिव नगर निवासी नीरज व सुलखनी गांव निवासी सूर्य के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों के कब्जे से दो चाकू तथा वारदात में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार इस संबंध में टिब्बा दानाशेर की गली नंबर 6 निवासी अजान उर्फ कुनाल ने शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार गत 19 मार्च की रात को वह अपने दोस्तों के साथ खाना खाने के बाद घर जा रहा था।

टाउन पार्क से चोरी बाइक में आरोपी का रिमांड खत्म

हिसार। पीएलए चौकी पुलिस ने टाउन पार्क से बाइक चोरी मामले में पकड़े गए आरोपी से रिमांड के दौरान बाइक बरामद कर लिया है। आरोपी योगेश उर्फ़ योगी को पुलिस ने बाइक चोरी के आरोप में गिरफ्तार करके बाइक बरामदगी के लिए रिमांड पर लिया था। पुलिस के अनुसार इस संबंध में सूर्य नगर निवासी अंकुर ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार 8 फरवरी को सुबह करीब 6:15 बजे वह टाउन पार्क के पिछले गेट से अंदर घुमने के लिए गया था। जब वह करीब 8 बजे वापस आया तो उसकी मोटरसाइकिल वहां से गायब मिली।

शिकायत के बाद 30 लाख का टेंडर रद्द, इंजीनियर विंग पर उठे सवाल

कोर्ट स्टे के बावजूद विवादित जमीन पर पार्क टेंडर, नपा की लापरवाही उजागर

- इंजीनियर विंग की लापरवाही उजागर, हाउस मीटिंग का हवाला देकर जिम्मेदारी टालते रहे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

नगरपालिका भूना के इंजीनियर विंग और जनप्रतिनिधियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। विवादित जमीन पर पार्क विकसित करने के लिए करीब 30 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया गया, जबकि उक्त जमीन पर पहले से ही कोर्ट का स्टे लागू था। मामला तब सामने आया, जब टेंडर खोलने से पहले शिकायतकर्ता ने नगर पालिका सचिव को कोर्ट के स्टे से संबंधित दस्तावेज सौंप दिए। इसके बाद पालिका अभियंता ने आनन-फानन में टेंडर रद्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार उकलाना रोड स्थित करोड़ों रुपए मूल्य की जमीन, जिसका खसरा नंबर 3593 बताया जा रहा है, पहले से विवादित है। शिकायतकर्ता कश्मीरी लाल का दावा है कि इस जमीन में उनका भी मालिकाना हक है और इस संबंध में मामला माननीय उच्च न्यायालय में विचाराधीन है। कोर्ट द्वारा उक्त जमीन पर किसी भी प्रकार के कार्यान्वयन पर अस्थायी रोक लगाई गई है। इसके बावजूद नगरपालिका के इंजीनियर विंग ने जनप्रतिनिधियों के एजेंडे के आधार पर यहां डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क विकसित करने के लिए करीब 30 लाख रुपए का टेंडर जारी कर दिया। टेंडर की प्रक्रिया चल रही थी और उसे खोले जाने से पहले ही शिकायतकर्ता ने संबंधित दस्तावेज नगर पालिका सचिव दीपक कुमार को सौंप दिए, जिसमें कोर्ट के स्टे का स्पष्ट उल्लेख था।

विवादित जमीन टेंडर पर सवालों में घिरी नगरपालिका

शिकायतकर्ता कश्मीरी लाल ने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने रातों-रात जमीन पर एक महापुरुष की प्रतिमा स्थापित कर कब्जा करने का प्रयास किया, जबकि जनप्रतिनिधि और अधिकारी पूरे मामले में मूकदर्शक बने रहे। उन्होंने कहा कि विवाद के बावजूद पार्क के नाम पर टेंडर जारी करना सीधे तौर पर नियमों की अनदेखी है। वहीं, इस पूरे मामले में इंजीनियर विंग के नगरपालिका अधिकारी जिम्मेदारी से बचते नजर आए। पालिका अभियंता नरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि हाउस की मीटिंग में पास एजेंडे के आधार पर पार्क व गलियों के टेंडर जारी किए गए थे। उन्हें उक्त जमीन के विवाद और कोर्ट के स्टे की जानकारी नहीं थी। जैसे ही दस्तावेज सामने आए, टेंडर को तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया। मामले ने नगरपालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिना जमीन की स्थिति और कानूनी स्थिति की जांच किए टेंडर जारी करना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। फिलहाल टेंडर रद्द होने के बाद मामला ठंडा पड़ गया है, लेकिन जिम्मेदारी तय करना अब भी बाकी है।

श्री दुर्गा मंदिर स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

सिरसा। दुर्गा माता में जागरण के दौरान भजन गाते हुए भजन गायिका राधा सोनी।

पुरानी अनाज मंडी में स्थित ओढ़ा के सबसे पुराने श्री दुर्गा मंदिर का 66वां स्थापना दिवस अष्टमी के दिन बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी देव शर्मा द्वारा आदशक्ति दुर्गा माता को भोग लगाने के बाद कंजक पूजन के साथ ही भंडारा शुरू हो गया। भंडारे में श्री दुर्गा नारी मंडल की महिलाओं और श्री दुर्गा युवा मंडल के युवाओं ने सेवा कार्य बखूबी निभाया। इसके बाद माता रानी का जागरण आयोजित किया गया। जिसमें पुजारी देव शर्मा ने पवन गर्ग व संतोष देवी के हाथों पूजन करवाया गया। जागरण का शुभारंभ श्री दुर्गा सेवा मंडल के प्रधान जसपाल तगड़ ने श्री गणेश वंदना, लौंकडिया, भैरों देव और माता रानी की स्तुति के साथ किया। उसके बाद प्रसिद्ध भजन गायिका राधा सोनी एंड पार्टी ने माता रानी के पुराने भजन सुनाकर भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया. इसके अलावा भजन गायक दीपक आजाद ने माता रानी के भजनों से ऐसा समा बांधा कि श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमने लगे। इस अवसर पर सेंकड़ों श्रध्दालुओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक 29 को

फतेहाबाद। वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक प्रधान ईश्वर देवी सेठी की अध्यक्षता में 29 मार्च रविवार को सांय 4.30 बजे बाल भवन फतेहाबाद में होगी। यह जानकारी देते हुए प्रधान ईश्वर देवी सेठी व सचिव सुग्रीव सिंह बिश्रोई ने बताया कि बैठक में वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं बारे विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपनी समस्याएं लिखित में लेकर आए ताकि संबंधित विभागों से हल करवाया जा सके। बैठक में जिन वरिष्ठ नागरिकों का मार्च मास में जन्मदिन है उनका जन्मदिन भी मनाया जाएगा।

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक 30 मार्च को बाद दोपहर 3 बजे लघु सचिवालय के समीप स्थित जिला पंचायत संसाधन केंद्र (डीपीआरसी हॉल) में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता डीसी डॉ. विवेक भारती करेंगे। बैठक में कुल 12 परिवाद रखे जाएंगे। सीटीएम गौरव गुप्ता ने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में 2 परिवाद पिछली बैठक में रहे लंबित परिवाद है, जिनकी सुनवाई की जाएगी। इसके अलावा 10 परिवाद नये रखे गए हैं। उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं परिवेदना समिति की बैठक में डीडीपीओ, जिला नगरायुक्त व एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग टोहाना, अधीक्षण अभियंता जन सेवाएं मंडल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व मुख्य डाकपाल फतेहाबाद, पुलिस अधीक्षक व डीडीपीओ, कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद फतेहाबाद तथा सचिव प्रादेशिक परिवहन प्राधिकरण फतेहाबाद से एक-एक, पुलिस अधीक्षक से 2 परिवाद तथा एक्सईएन जन स्वास्थ्य विभाग फतेहाबाद से संबंधित 3 परिवाद सुनवाई के लिए रखे जाएंगे।

बप्पा स्कूल में प्रवेश उत्सव अभियान का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सिरसा। बप्पां स्कूल के अध्यापक अभिभावकों को जागरूक करते।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां में प्रवेश उत्सव अभियान का भव्य शुभारंभ किया गया। इस मौके पर विद्यालय के वाइस प्रिंसिपल प्रकाश सिंह कहा कि सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक बच्चे तक पहुंचाना हम सभी का दायित्व है।

उन्होंने सभी अध्यापकों को अधिक से अधिक नामांकन सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रवेश उत्सव के अंतर्गत विद्यालय के समस्त शिक्षक द्वारा घर-घर जाकर संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया, ताकि जन-जन तक सरकारी योजनाओं एवं शिक्षा के महत्व का संदेश पहुंचाया जा सके। इस अभियान के तहत विभिन्न टीमों का गठन किया गया, जो आसपास के क्षेत्रों में जाकर अभिभावकों को जागरूक करेंगी और बच्चों को विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए प्रेरित करेंगी।

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसो. हिसार के प्रधान बने डॉ. विजय

- चुनाव दयानंद कॉलेज, हिसार में आयोजित हुए जिसमें हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, नरवाना, हांसी कॉलेज शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। बैठक में भाग लेते हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन के सदस्य।

हरियाणा कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन हिसार जोन के चुनाव दयानंद कॉलेज, हिसार में सम्पन्न हुए। हिसार जोन के इस चुनाव में सर्वसम्मति से एमएम कॉलेज, फतेहाबाद के डॉ विजय गोयल को प्रधान चुना गया। इस चुनाव प्रक्रिया में हिसार, सिरसा, फतेहाबाद, जींद, नरवाना व हांसी के सभी राजकीय सहायता प्राप्त कॉलेज सम्मलित हैं। इस चुनाव प्रक्रिया को संपन्न करवाने के लिए पर्यवेक्षक के तौर पर एचसीटीए हरियाणा के प्रधान डॉ. राजेंद्र परमार, जीजेयू हिसार के सचिव डॉ. नरेंद्र कुमार तथा सीडीएलयू, सिरसा के सचिव डॉ सुरेंद्र पाल सिंह मौजूद रहे। सर्वसम्मति से हुए चुनाव में एमएम कॉलेज, फतेहाबाद के डॉ विजय गोयल को प्रधान, एफसी कॉलेज की डॉ पल्लवी को उपप्रधान और डीएन कॉलेज हिसार के डॉ आदित्य गुप्ता को सचिव नियुक्त किया गया। इस प्रक्रिया को सम्पन्न करवाने में डीएन कॉलेज हिसार के सीनियर प्रोफेसर्स तथा एचसीटीए के सदस्यों का सहयोग रहा।

ये रहे मौजूद

इस कार्यक्रम के उपरांत एचसीटीए के प्रधान, अन्य पदाधिकारियों व बाहर से आए हुए विभिन कॉलेजों के टीचर्स ने डीएन कालेज की मैनेजमेंट कमेटी, प्राचार्य व सभी शिक्षकों को इस मीटिंग व चुनाव के आयोजन के लिए धन्यवाद किया और नए चुने गए साथियों को बधाई दी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने कहा कि हम एचसीटीए के बैनर तले शिक्षकों की समस्याओं को हल करने का हर सम्भव प्रयास करेंगे।

सीएमके में पारंपरिक व्यंजनों की कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

सीएमके नेशनल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को कुकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पारंपरिक भारतीय व्यंजनों के प्रति रुचि बढ़ाना तथा उनके पाक-कौशल को निखारना रहा। गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्षा डॉ. अनु कथूरिया ने विद्यार्थियों को स्वच्छता, पोषण एवं प्रस्तुति के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अत्यंत उत्साह के साथ भाग लेते हुए व्रत के दौरान बनाए जाने वाले विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन तैयार किए। यह प्रतियोगिता विद्यार्थियों की रचनात्मकता और कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन बनकर उभरी। प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और लगन के साथ व्रत के अनुकूल व्यंजन तैयार किए। साबूदाना खिचड़ी को अलग-अलग शैली में प्रस्तुत किया गया, जिसमें कहीं मूंगफली और हरी मिर्च का संतुलित उपयोग देखने को मिला तो कहीं उसे आकर्षक गार्निशिंग के साथ परोसा गया। इसी प्रकार कटलेट को भी विभिन्न आकारों और सजावटी तरीकों से प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने अपनी नवाचार क्षमता का परिचय दिया। कुछ विद्यार्थियों ने फलाहारी चटनी और दही के साथ व्यंजनों को परोसकर उनके स्वाद और पौष्टिकता को और बढ़ाया। निर्णायकों ने स्वाद, पोषण, स्वच्छता, रचनात्मकता और प्रस्तुति के आधार पर व्यंजनों का मूल्यांकन किया, जिससे प्रतियोगिता का स्तर अत्यंत प्रभावशाली रहा।

अग्रसेन स्कूल का वार्षिक परिणाम घोषित

प्रतिभावान बच्चों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। अग्रसैन स्कूल में विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथिगण।

महाराजा अग्रसेन स्कूल द्वारा वार्षिक परिणाम घोषित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान सुभाष गर्ग एवं सचिव सुरेन्द्र मित्तल द्वारा दीप प्रज्वलित से किया गया। इस दौरान बच्चों ने सुंदर सुंदर गतिविधियां पेश कर सबका मन मोह लिया। स्कूल प्रिंसिपल किरण चौधरी ने अतिथियों का स्वागत किया। स्कूल प्रबंधन व प्राचार्या द्वारा प्रथम, द्वितिय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इसी के जिन विद्यार्थियों ने पूरी वर्ष अच्छा कार्य किया। उनको पुरस्कार, उभरता सितारा पुरस्कार, शत-प्रतिशत उपस्थिति पुरस्कार व स्नेहपूर्ण कक्षा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही जिन विद्यार्थियों ने पिछले वर्ष 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल किया उनको भी सम्मानित किया गया। सभा के प्रधान सुभाष गर्ग व सचिव सुरेन्द्र मित्तल ने विद्यार्थियों तथा अध्यापकों को शुभकामनाएं दी। अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष नेहा मित्तल ने स्कूल में दी जाने वाली सुविधाओं का विस्तार से वर्णन किया। इस अवसर पर सरंक्षक देवी दयाल तायल, उप प्रधान सुरेश बंसल, कैशियर दलीप गोयल, उप सचिव मुरारी लाल, अपना घर के प्रमुख सेवक विनोद तायल, अग्रोहा विकास ट्रस्ट की जिलाध्यक्ष नेहा मित्तल, पूर्व सचिव सुशील बंसल, वेद मंगल, भीमसेन गोयल, पवन गर्ग सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कालांवाली। माता रानी का गुणगान करती गायिका

नवरात्रों को लेकर मंदिर में किया भंडारा

कालांवाली। प्राचीन श्री दुर्गा मंदिर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर कमेटी के प्रधान नरेश सिंगला की अध्यक्षता में श्री दुर्गा मंदिर में रात्रि को कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें समाजसेवी डॉ राहुल गर्ग, सुखराम फत्तेवाला, जतिन गर्ग, अजय गर्ग जैमको ने विशेषतौर पर शिरकत की। श्री प्राचीन दुर्गा मंदिर सेवा समिति के सदस्य पवन बागडी व विक्की बांसल, राजबीर सिंह ने बताया कि इस पर्व के उपलक्ष्य में भजन गायिका श्रुति दहिया रामां व काजल गुप्ता ने भजनों द्वारा दुर्गा माता का गुणगान किया। दुर्गा आष्ठमी पर्व पर मंदिर में भंडारा लगाया गया, जिसे श्रद्धालुओं ने श्रद्धा से ग्रहण किया। इस मौके पर प्रधान नरेश सिंगला, समाजसेवी लवकेश गर्ग, चरणदास चन्नी, विक्की बांसल, राजबीर सिंह, राकेश मितल, पवन बागडी, मनीष कुमार, सुरेंद्र कुमार, रिंकू कुमार, सोनू गर्ग, सोमदत शर्मा आदि मौजूद रहे।

रामनवमी पर सेवा भारती स्कूल में 108 कन्याओं का किया पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। कंचक पूजन करते सेवाभारती के पदाधिकारी।

श्री तीरथ राम शर्मा सेवा भारती बाल संस्कार केंद्र स्कूल में श्री रामनवमी के उपलक्ष्य में 108 कंजक पूजन कार्यक्रम श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर माता दुर्गा की विधिवत पूजा-अर्चना की गई और 108 कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रमुख समाजसेवी देवी दयाल तायल, महेंद्र मुटरेजा और पूर्व पार्षद सुमन बाला मेहता ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माता रानी का गुणगान किया और पूजा-अर्चना में भाग लिया। इस मौके पर संस्था द्वारा समाजसेवी सुदर्शन नरूला को माता रानी की चुनरी ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उन्हें प्रसाद और स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष परमजीत शर्मा, संरक्षक हीरालाल गुप्ता, जिला सचिव नरेश बंसल, नगर प्रधान मदन गोपाल नारंग, कैशियर देवी चंद चोपड़ा, सह सचिव मास्टर सीताराम चौहान, विश्वनाथ मुंजल आदि मौजूद रहे।

एप इंस्टॉल के बाद ऑटो-पे एक्टिव कर हर माह खाते से काटी जा रही राशि

'फ्री ट्रायल व एक रुपये में सब्सक्रिप्शन' के नाम पर हो रही ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

फतेहाबाद। एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने जिला वासियों को मोबाइल ऐप्स पर '3 दिन फ्री ट्रायल या एक रुपये में सब्सक्रिप्शन' के झांसे में आकर हो रही साइबर ठगी से सतर्क रहने की अपील की है। उनका कहना है कि साइबर अपराधी आकर्षक विज्ञापनों के माध्यम से लोगों को ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते हैं और ट्रायल ऑफर स्वीकार करते ही ऑटो-पे या सब्सक्रिप्शन सक्रिय कर देते हैं। इस प्रकार की ठगी में यूजर को सीमित अवधि के लिए मुफ्त या एक रुपये में सेवा देने का लालच दिया जाता है। सब्सक्राइप पर क्लिक करते ही बैंक खाते, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या यूपीआई से ऑटो-डिडक्ट की अनुमति सक्रिय हो जाती है। ट्रायल समाप्त होते ही बिना स्पष्ट सूचना के 499, 899 या इससे अधिक राशि हर माह या वार्षिक आधार पर खाते से कटने लगती है। कई मामलों में ऐप डिलीट करने के बाद भी कटौती जारी रहती है। पीड़ितों को तब जानकारी मिलती है जब बैंक खाते से कई बार राशि कट चुकी होती है। यह ठगी आर्थिक नुकसान के साथ मानसिक परेशानी और असुरक्षा की भावना भी उत्पन्न करती है।

साइबर ठगी से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां

एसपी ने बताया कि किसी भी ऐप को डाउनलोड करने से पहले उसकी प्रामाणिकता, रेटिंग व रिव्यू जांचें। नियम व शर्तों को पढ़े बिना किसी ऑफर को स्वीकार न करें। बैंक खाते/कार्ड में सक्रिय ऑटो-पे या स्टैंडिंग इंस्ट्रक्शन नियमित रूप से जांचें। अनजान ऐप्स को कार्ड या नेट बैंकिंग की अनुमति न दें। केवल ऐप डिलीट करना पर्याप्त नहीं, पहले सब्सक्रिप्शन आधिकारिक रूप से कैंसिल करें। अपने परिवार के सदस्यों, विशेषकर युवाओं व बुजुर्गों को इस प्रकार की ठगी के बारे में जागरूक करें। यदि खाते से अनधिकृत राशि कटे तो तुरंत संबंधित बैंक से संपर्क कर ऑटो-पे बंद करवाएं और आवश्यक हो तो कार्ड ब्लॉक कराएं। एसपी ने कहा कि किसी भी साइबर ठगी की शिकायत तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करके या ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं।

खबर संक्षेप

हेरोइन सहित युवक गिरफ्तार, केस दर्ज

फतेहाबाद। नशा तस्करों के साथ फतेहाबाद पुलिस ने उनके सप्लायरों को भी पकडक़र जेल भेज रही है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्रा ने बताया कि 22 फरवरी को पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर बहादुर कोयला भट्टी के पास बीघड़ रोड क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक युवक को काबू किया। आरोपी की पहचान सुमित प के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 6.49 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। पूछताछ के दौरान आरोपी सुमित से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने मुख्य सप्लायर धर्मपाल उर्फ धर्मा पुत्र हरी चंद निवासी काठ मंडी, बीघड़ रोड, फतेहाबाद को काबू किया।

निर्माणाधीन मकान से मोटर चुराने वाला काबू

सिरसा। पुलिस ने ए बलॉक में निर्माणाधीन मकान से पानी की मोटर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। जेजे कॉलोनी पुलिस चौकी प्रभारी ने बताया कि ए बलॉक सिरसा निवासी हितेश कुमार पुत्र केवल सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती 25 मार्च की दोपहर के समय अज्ञात युवक ने निर्माणाधीन मकान में घुसकर पानी की मोटर चोरी कर मौका से फरार हो गया था।

स्कूल में दुर्गा अष्टमी उत्सव मनाया

ओढां। पुरानी अनाज मंडी ओढ़ा में स्थित लिटिल स्टार प्ले स्कूल के प्रांगण में दुर्गा अष्मी उत्सव बड़ी श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर छात्रा मिस्टी ने साक्षात मां दुर्गा का रूप धारण किया। उनके इस मनमोहक स्वरूप को देखकर पूरा स्कूल परिसर भक्तिमय हो गया। स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर वलबिंदर खुराना व प्रिंसिपल किरण खुराना ने कन्या पूजन करने के बाद नन्ही नन्हीं कन्याओं को बड़े प्रेम से बैठाकर उन्हें हलवा-पूरी का प्रसाद खिलाया। स्कूल के समस्त स्टाफ ने भी माता रानी का प्रसाद ग्रहण किया और मां स्वरूप नन्हीं मिस्टी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल किरण खुराना ने बताया कि नवरात्रि की अष्टमी माता महागौरी को समर्पित है, जो सुख, शांति और सौभाग्य का प्रतीक हैं।

नवरात्रे के अंतिम दिन दुर्गा मन्दिर में धार्मिक समारोह का आयोजन

रतिया। नवरात्रों के अवसर पर सप्तमी मौके शहर के पुराना बाजार स्थित श्री मनोकामनी दुर्गा मंदिर में धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होकर नतमस्तक हुए। पुजारी राजेंद्र शर्मा ने बताया कि मन्दिर में नवरात्रों के अवसर पर सप्तमी मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें क्षेत्रवासियों ने बढ़ चढ़ कर शामिल होकर हाजिरी लगाई। संध्या के समय मां ज्वाला जी से ज्योति मन्दिर में पहुंची और श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस दौरान महादेव अमरनाथ सेवा समिति महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन किया गया, वहीं रात्रि के समय जागरण का आयोजन किया गया है, जहां सुंदर दरबार सजाया गया। इस जागरण में भजन गायक गुरपाल व अन्य मौजूद रहे।

जमाखोरी व कालाबाजारी पर होगी सख्त कार्रवाई : डीसी

गैस और तेल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य, लोग धैर्य रखें

- खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर निगरानी कर रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि जिले में गैस सिलेंडरों सहित पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि मांग के अनुरूप पर्याप्त मात्रा में गैस सिलेंडर उपलब्ध हैं, इसलिए नागरिकों को घबराने या अफवाहों पर ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है। डीसी शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिला में उपलब्ध ईंधन स्टॉक की समीक्षा कर रहे थे। समीक्षा बैठक में डीसी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईंधन की आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए और किसी भी स्तर पर बाधा न आने दी जाए। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे केवल आवश्यकता अनुसार ही गैस की बुकिंग करें और अनावश्यक भंडारण से बचें।

डीसी ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की टीमें लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर गैस एजेंसियों पर निगरानी रख रही हैं।

फतेहाबाद। जिला में उपलब्ध ईंधन स्टॉक की समीक्षा करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। *फोटो : हरिभूमि*

प्रतिदिन एजेंसियों से रिपोर्ट ली जा रही है, जिससे आपूर्ति की स्थिति पर सतत नजर बनी हुई है और उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध करवाई जा रही है। डीसी ने कहा कि गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी और अनधिकृत उपयोग को रोकने के लिए विशेष निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और विवाह जैसे आयोजनों के लिए व्यवसायिक गैस सिलेंडरों की विशेष व्यवस्था की गई है, जिसके लिए संबंधित कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

लोगों की शिकायतों के समाधान के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक कार्यालय द्वारा एलपीजी से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु विभिन्न अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, जिला स्तर पर हेल्पलाइन नंबर 01667-230773 जारी किया गया है, जिस पर कार्य दिवसों में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। एसपी सिद्धांत जैन ने भी कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर नागरिक 112 पर संपर्क कर सकते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर जिले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है और सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर नजर रखी जा रही है, अफवाह फैलाने वालो पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एसडीएम राजेश कुमार, सीटीएम गौरव गुप्ता, डीएफएससी कुशल बूरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

पुलिस टीम पर ईंट से हमला करने का आरोपी गिरफ्तार, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

घरेलू विवाद मामले में पहुंची पुलिस टीम पर हमला करने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान सतनाम सिंह निवासी गांव खनौरा के रूप में हुई है।

थाना सदर टोहाना प्रभारी उपनिरीक्षक शादी राम ने बताया कि 26 मार्च को प्रातः करीब 4 बजे डायल 112 पर गांव खनौरा से एक महिला द्वारा घरेलू विवाद की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही ईआरवी टीम तुरंत मौके पर पहुंची, जहां महिला ने अपने पति द्वारा मारपीट करने की शिकायत दी। पुलिस टीम द्वारा स्थिति को शांत करने का प्रयास किया जा रहा था, तभी आरोपी सतनाम सिंह मौके पर पहुंचा और हाथ में ईंट उठाकर पुलिस कर्मियों के साथ गाली-गलौच करते हुए हमला कर दिया। आरोपी ने ईंट मारकर सरकारी वाहन का शीशा तोड़ दिया तथा पुलिस टीम के साथ धक्का-मुक्की कर मौके से फरार हो गया और जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में थाना सदर टोहाना में 26 मार्च को केस दर्ज किया गया। मामले में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया है। पुलिस आरोपी युवक पर कार्रवाई कर रही है।

टोहाना। पुलिस टीम पर हमले के मामले में गिरफ्तार युवक।

जनगणना : 1 मई से शुरू होगा मकान सूचीकरण चरण

फतेहाबाद। जिले में जनगणना 2027 के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। जनगणना का प्रथम चरण यानि मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का काम 1 मई से 30 मई, 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इससे पूर्व 16 अप्रैल से 30 अप्रैल तक नागरिकों को जनगणना पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट टेस्टडॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट आईएन/एसई/ भी उपलब्ध रहेगी। सीटीएम एवं नोडल अधिकारी जनगणना कार्य गौरव गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जनगणना का द्वितीय चरण फरवरी 2027 में आयोजित किया जाएगा, जिसमें जनसंख्या से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्रित की जाएगी।

श्रमिक की अकाल मृत्यु पर परिवार को मिलेगी सहायता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा श्रम विभाग द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के परिवारों के कल्याण के लिए एक महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है। इस योजना का उद्देश्य श्रमिक की अकाल मृत्यु के बाद उसके परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करना है, ताकि वे कठिन परिस्थितियों में भी अपनी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। इसके अंतर्गत शिक्षा, विवाह, अशक्तता तथा स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों के लिए नियमानुसार वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इस योजना के तहत पंजीकृत निर्माण कर्मकार की अकाल मृत्यु (60 वर्ष की आयु पूरी करने से पूर्व) होने पर उसके आश्रितों को सहायता दी जाती है। यह सहायता केवल उन्हीं परिवारों को मिलेगा, जिनका श्रमिक श्रम विभाग में विधिवत पंजीकृत रहा हो। यह पहल श्रमिक परिवारों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हालांकि, कुछ विशेष परिस्थितियों में आर्थिक सहायता स्वतः समाप्त हो जाती है। यदि मृतक श्रमिक की पत्नी या पति पुनर्विवाह कर लेते हैं, तो इस योजना के तहत मिलने वाली सहायता बंद कर दी जाएगी। इसके अलावा, यदि मृतक के पति या पत्नी किसी अन्य योजना जैसे बीओसीडब्ल्यू बोर्ड के लाभार्थी सदस्य बन जाते हैं।

चार नशा तस्कर गिरफ्तार, हजारों रुपये की हेरोइन बरामद, केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने सिरसा जिले क्षेत्र से चार नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 ग्राम हेरोइन बरामद की है। सीआईए सिरसा प्रभारी ने शुक्रवार को बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिरसा निवासी बूटा सिंह, कुलदीप सिंह, स्वर्ण सिंह व संतलाल के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान गांव रंगा मे मौजूद थी। इस दौरान बाइक सवार दो युवक आते हुए दिखाई दिए। बाइक सवार युवकों ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर अचानक बाइक को वापस मोडक़र भागने का प्रयास किया। पुलिस ने शक के आधार बाइक सवार युवक बूटा सिंह व कुलदीप सिंह की तलाशी ली तो उनके कब्जे से हेरोइन बरामद हुई। एक अन्य घटना में सीआईए सिरसा पुलिस ने गांव मत्तड़ क्षेत्र से मोटरसाइकिल सवार युवक स्वर्ण सिंह को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है।

सिरसा। पकड़े गए हेरोइन तस्कर। *फोटो : हरिभूमि*

15 मेडिकल स्टोरों पर औषधि विभाग की रेड

- दवाओं के स्टॉक व बिक्री रजिस्टर चेक किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

खाद्य एवं औषधि प्रशासन हरियाणा के आयुक्त मनोज कुमार तथा एसडीसी ललित गोयल के निर्देशानुसार जिला फतेहाबाद में गुप्त सूचनाओं के आधार पर मेडिकल स्टोरों पर संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच टीम का नेतृत्व सिरसा जोन के वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी रमन कुमार ने किया।

उनके पर्यवेक्षण में गठित टीम में हिसार और सिरसा जिलों के तीन ड्रग कंट्रोल अधिकारी शामिल रहे। टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित कुल 15 मेडिकल स्टोरों और संबंधित प्रतिष्ठानों का गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दवाओं के स्टॉक, बिक्री रजिस्टर, बिलिंग रिकॉर्ड, लाइसेंस की वैधता तथा अन्य जरूरी दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। किसी भी मेडिकल स्टोर पर नशीली औषधियां नहीं पाई गई।

फतेहाबाद। मेडिकल स्टोर्स पर जांच करते अधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

रिकॉर्ड अधूरा मिला

वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी रमन कुमार ने बताया कि जांच के दौरान कुछ मेडिकल स्टोर्स पर अनियमितताएं भी सामने आई। इनमें मुख्य रूप से रिकॉर्ड का अधूरा होना, दवाओं की एंट्री में कमी, तथा कुछ स्थानों पर पंजीकृत फार्मासिस्ट की अनुपस्थिति पाई गई। उन्होंने बताया कि संबंधित संचालकों को मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश देकर नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए सख्त हिदायतें भी जारी की गई हैं। वरिष्ठ औषधि नियंत्रण अधिकारी रमन कुमार ने बताया कि इन अनियमितताओं के संबंध में संबंधित ड्रग कंट्रोल अधिकारियों द्वारा विस्तृत निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

फतेहाबाद। पदक विजेता बॉक्सर। *फोटो : हरिभूमि*

जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में छाए खिलाड़ी

फतेहाबाद। हरियाणा जूनियर स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब के खिलाडियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 4 पदक अपने नाम किए। खिलाडियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में क्लब के बॉक्सर अर्पित ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। वहीं चिराग ने कड़ा मुकाबला करते हुए रजत पदक जीता। इसके अलावा हिमानी और सुखरीत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।इस अवसर पर हरियाणा पुलिस के एसीपी एवं ओलंपियन व अर्जुन अवॉर्डी जय भगवान, अंतरराष्ट्रीय बॉक्सर डॉ. राजीव गोदारा, कोच मुकेश कुमार, प्रदीप सैनी, रोबिन, निशा और परवीन ने खिलाडियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रामनवमी पर सिटी सेंटर में विश्व शांति के लिए हवन में डाली आहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

डबवाली रोड स्थित श्रीमत सिटी सेंटर में रामनवमी पर विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें श्रीमत टैक्सवर्थ प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक माधव जैन यजमान बने, जबकि प्रकांड विद्वान पंडित पवन वशिष्ट ने पूजा-अर्चना करवाई। इस मौके पर संस्थान के प्रमोटर संजीव जैन एडवोकेट, सतीश गर्ग, धीरज मेहता सहित जैन परिवार के सदस्यगण व सिटी सेंटर के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। सिटी सेंटर में नवरात्रे के उपलक्ष्य में पिछले नौ दिनों से पूजा-अर्चना की गई। नवमी पर आज नवरात्रे का उद्यापन किया गया। इस मौके पर हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें देवताओं का आह्वान किया गया। ईश्वर से विश्व शांति और विश्व कल्याण की कामना को लेकर आहूति डाली गई। इसके उपरांत सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इससे पूर्व पंडित पवन वशिष्ट ने रामनवमी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान विष्णु के सातवें अवतार के रूप में मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम का अवतरण हुआ।

सिरसा। श्रीमत सिटी सेंटर में रामनवमी पर पूजा-अर्चना करते हुए।

रोडवेज कर्मचारियों की मांगों पर मंथन

फतेहाबाद। हरियाणा रोडवेज जागृति मंच फतेहाबाद डिपो कमेटी की बैठक शुक्रवार को पुराना बस स्टैंड स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान अनिल खटक ने की और संचालन सचिव संदीप बिश्नोई ने किया। बैठक में डिपो स्तर पर कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के बाद जीएम की अनुपस्थिति में अकाउंट ऑफिसर को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। अकाउंट अफसर ने कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में मंच ने मांग की है कि फतेहाबाद-टोहाना सब डिपो में चालक -परिचालकों का बकाया ओवरटाइम व टीए का भुगतान किया जाए। कई बसें खासकर मिनी बसें स्पेयर पार्ट के अभाव के कारण डिटेन रहती हैं इसलिए बसों का मेंटेनेंस का सामान मंगवाया जाए।

फतेहाबाद। जीएम के नाम ज्ञापन सौंपते रोडवेज कर्मचारी।

तीस साल तक अवैतनिक सेवा देने वाले जीवनदास 31 मार्च को होंगे कार्य मुक्त

- जेम्स बुक ऑफ वल्ड रिकॉड्र्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्स में नाम दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

जीवन दास तनेजा इसी माह 31 मार्च को अपनी सेवाओं से मुक्त हो जाएंगे, लेकिन उनकी ज्ञान और समर्पण की विरासत सदा अमर रहेगी। जेम्स बुक ऑफ वल्ड रिकॉड्र्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में नाम दर्ज। इस अद्वितीय शिक्षाविद ने 30 वर्षों तक बिना किसी पारिश्रमिक के अपनी सेवाएं दीं और अनगिनत विद्यार्थियों को शिक्षित करने का गौरव प्राप्त किया।

शिक्षाविद जीवनदास।

उनकी निस्वार्थ सेवाओं को पहचान देते हुए जेम्स बुक ऑफ वल्ड रिकॉड्र्स और इंडिया बुक ऑफ रिकॉड्र्स में उनका नाम स्वर्णिम अक्षरों में अंकित किया गया है। माता पिता की प्रेरणा से जीवन दास तनेजा का हमेशा से सपना था कि वे विद्यार्थियों को शिक्षित करें और उन्होंने इसे हकीकत में बदल दिया। जिसका श्रेय वह अपने स्वजनों को मानते हैं जिन्होंने इस नेक कार्य में भरपूर सहयोग दिया और हौंसला बढ़ाया।

साक्षरता अभियान चलाया

1986 में नेशनल कॉलेज सिरसा से स्नातक की उपाधि प्राप्त करने के बाद उन्होंने साक्षरता मिशन में सहभागिता करके अपने मिशन का श्रीगणेश किया। वे सिरसा जिले के विभिन्न विद्यालयों में अपनी सेवा प्रदान करते हुए लोगों के लिए एक प्रेरणास्रोत बन चुके हैं। वे राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय गोरीवाला में शिक्षकों की कमी के बावजूद भी बिना किसी वेतन के निस्वार्थ भाव से शिक्षा प्रदान करते रहे और नौ वर्षों तक लड़कियों को शिक्षित करने का महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसके उपरांत उन्होंने विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं प्रदान कीं और अंत में राजकीय प्राथमिक पाठशाला गोदिका में भी अपनी सेवाएं दी।

एमएम कॉलेज में नशामुक्ति पर सेमिनार का आयोजन

ड्रग फ्री समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका अहम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

मनोहर मैमोरियल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस इकाई द्वारा 'नशा मुक्त समाज' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिला रेडक्रास सोसायटी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा शक्ति को नशे की बढ़ती लत के प्रति सचेत करना और उन्हें स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे नगराधीश गौरव गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर सेमिनार का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष तौर पर जिला रेडक्रास सोसायटी से सहायक सचिव रवि हुड्डा मौजूद रहे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।

फतेहाबाद। एमएम कॉलेज में आयोजित सेमिनार को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी बड़ी चुनौती

सेमिनार के मुख्य वक्ता, राष्ट्रीय सुरक्षा जागरण मंच, हिसार के अध्यक्ष डॉ. राजेश धमीजा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल एक व्यक्तिगत बुराई नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी एक गंभीर चुनौती है। उन्होंने कहा कि युवा देश की रीढ़ हैं। यदि हमारी युवा पीढ़ी नशे के जाल में फंस गई, तो देश का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। सजगता ही इस समस्या का एकमात्र समाधान है। नगराधीश गौरव गुप्ता ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि नशा उस दीमक की तरह है जो हंसते-खेलते परिवारों को भीतर से खोखला कर देता है। क्षणिक आनंद के लिए नशे का चुनाव करना अपनी प्रतिभा और माता-पिता के सपनों की बलि देना है। युवा शक्ति अपनी ऊर्जा को नशे की गलियों में बर्बाद करने के बजाय खेल, शिक्षा और समाज सेवा में लगाएं, क्योंकि नशा मुक्त युवा ही विकसित भारत की पहचान है। सेमिनार में पहुंचे जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम के इंचार्ज एसआई सुंदर सिंह ने युवाओं को कानून और स्वास्थ्य के पहलुओं से अवगत कराया। यूथ रेडक्रॉस इंचार्ज डॉ. मिनाक्षी कोहली ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। सेमिनार के सफल आयोजन में एनसीसी बॉयज विंग और कॉमर्स विभाग से प्रो. विनोद कुमार का विशेष योगदान रहा। मंच का कुशल संचालन प्रो. शिम्पा ने किया।